Dainik Bhaskar Date: 02.02.2018

सिटी प्लस

श्री वैष्णव विद्यापीठ विश्वविद्यालय में फैशन शो विनिर्माह 2018 का आयोजन

इंदौर| श्री वैष्णव विद्यापीठ विश्वविद्यालय के टेक्सटाईल विभाग द्वारा फैशन शो विनिर्माह 2018 का आयोजन 29 जनवरी को विश्वविद्यालय कैम्पस में किया गया। फैशन शो में विद्यार्थियों ने विभिन्न थीम जैसे ट्रेडिशनल, वायब्रेंट इंडिया, डेर्जट, नियॉन, अवर नेशन अवर प्राइड आदि पर रेम्प वॉक किया। मुख्य अतिथि अतुल मित्तल, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर, प्रतिभा सिंथिटेक्स थे। फैशन शो के कोआर्डिनेटर प्रो.टीके सिन्हा ने कहा कि कार्यक्रम एक प्लेटफार्म है जिसमें विद्यार्थियों ने अपना हुनर प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की कन्वेनर डॉ. कविता शर्मा ने स्वागत भाषण दिया। डॉ. धर ने कहा कि फैशन समय के साथ बदलता है और व्यक्ति का पहनावा उसके स्वभाव का आइना होता है। उन्होंने वैष्णव ट्रस्ट की यात्रा के बारे में जानकारी दी और कहा कि टेक्सटाइल टेक्नॉलाजी हर समय रहेगी।

Patrika Date: 02.02.2018

'अवर नेशन-अवर प्राइड' थीम पर किया रैम्प वॉक

पत्रिका PLUS रिपोर्टर

इंदौर ● वैष्णव विद्यापीठ विश्वविद्यालय के टेक्सटाइल विभाग द्वारा फैशन शो 'विनिर्माण 2018' का आयोजन किया गया। इसमें स्टूडेंट्स ने ट्रेडिशनल, वायब्रेंट इंडिया, डेजर्ट, नियॉन व अवर नेशन-अवर प्राइड थीम पर रैम्प वॉक किया। मुख्य अतिथि प्रतिभा सिंथेटिक्स के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर अतुल मित्तल थे। कार्यक्रम की कन्वीनर ने बताया, कार्यक्रम में डीजे शुभी जोशी ने प्रस्तुति दी। फैशन शो के को-ऑर्डिनेटर प्रो. टीके सिन्हा ने कहा, कार्यक्रम एक प्लेटफॉर्म है। इसमें स्टूडेंट्स ने हुनर प्रस्तुत किया। प्रारंभ में कुलपति डॉ. उपिंदर धर ने अशोक मित्तल का स्वागत किया। स्वागत भाषण कविता शर्मा ने दिया। उन्होंने कहा, फैशन हमारी आत्मा में बसता है। डॉ. धर ने कहा, समय के साथ फैशन बदलता है और पहनावा व्यक्ति के स्वभाव का आईना होता है। मित्तल ने कहा, डिजाइन वह नहीं है जो हम देखते या महसूस करते है, बल्कि उसमें अहम यह है कि वह किस तरह काम करती है।